# अब घरेलू औद्योगिक घरानों को लुभाने के लिए होंगे रोड शो

## सीएम योगी 5 जनवरी को मुंबई में उद्योगपतियों से करेंगे मुलाकात, निवेश के लिए करेंगे आमंत्रित

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए अब योगी सरकार का फोकस घरेलू निवेशकों पर है। इसके लिए मंत्रियों का समूह देश के 7 बड़े शहरों में रोड शो करने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पांच जनवरी को मुंबई में बड़े उद्योग समूहों से भेंट कर उन्हें यूपी में निवेश का आमंत्रण देंगे। 6 अन्य शहरों के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं।

घरेलू रोड शो के लिए बनी नई टीम में कैबिनेट मंत्रियों के अलावा स्वतंत्र प्रभार (राज्यमंत्री) और राज्यमंत्री शामिल किए गए हैं। वरिष्ठ अधिकारी भी साथ रहेंगे।

### 5 से 23 जनवरी तक देश के 7 बड़े शहरों में किए जाएंगे रोड शो

सीएम 5 जनवरी को मुंबई में रोड शो में भाग लेंगे। वे यहां टाटा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा, गोदरेज, आदित्य बिरला, बॉम्बे डाइंग, ब्रिटानिया, जेएसडब्ल्यू और एशियन पेंट्स समूहों के अलावा बैंकिंग सेक्टर और फिल्म जगत की हस्तियों से भी भेंट करेंगे। अदाणी, हिताची, हीरानंदानी, नेस्ले, कोका कोला, मारुति सुजुकी, अशोका लीलैंड, गोयनका ग्रुप व ओसवाल इंडस्ट्रीज जैसे बड़े औद्योगिक समूहों व कंपनियों से भी बात हो सकती है।

### इन शहरों में ये टीम करेगी रोड शो

- **मुंबई (5 जनवरी)** : मुंबई की टीम में सीएम के अलावा औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल नंदी और स्वतंत्र प्रभार मंत्री रविंद्र जायसवाल।
- **चेन्नई (9 जनवरी)** : वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, स्वतंत्र प्रभार मंत्री असीम अरुण व नितिन अग्रवाल।
- **नई दिल्ली (13 जनवरी)** : औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल नंदी, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, नगरीय विकास विभाग के मंत्री एके शर्मा और स्वतंत्र प्रभार मंत्री संदीप सिंह।
- **कोलकाता (16 जनवरी)** : उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल नंदी, स्वतंत्र प्रभार मंत्री दयाशंकर सिंह और राज्य मंत्री अजीत सिंह पाल।
- **हैदराबाद (18 जनवरी)** : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्राविधिक शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और स्वतंत्र प्रभार मंत्री अरुण सक्सेना शामिल हैं।
- **अहमदाबाद (20 जनवरी)** : पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र प्रभार मंत्री जयेंद्र प्रताप और राज्य मंत्री जसवंत सैनी।
- **बंगलूरू (23 जनवरी)** : औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल नंदी, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और स्वतंत्र प्रभार मंत्री असीम अरुण।